BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 20 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं रक्तदान शिविर सम्पन्न




**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं रक्तदान शिविर शिवरामपल्ली स्थित राघवेंद्र नगर कॉलोनी कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई। सर्व प्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई तत्पचात शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। मानद मंत्री ललित अग्रवाल ने साल भर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और साल भर की आय और व्यय की जानकारी दी।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल का स्वागत शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया एवं संयुक्त मंत्री कंचन अग्रवाल का सम्मान शाखा के महिला सदस्य नेहा अग्रवाल ने किया। समाज के अध्यक्ष ने केंद्रीय समिति में होनेवाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं समाज की गतिविधियों की जानकारी दी।




शाखा अध्यक्ष ने आने वाले साल में किए जाने वाले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और कहा शाखा के सभी साथी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने तन-मन-धन से शाखा के हर कार्य में सहयोग दिया उनका धन्यवाद किया। तत्पचात बीबीआर ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया।

जिसमें शाखा के कई सदस्यो ने बढ़ चढ़ के हिसा लिया। अंत में सहमंत्री सुशील अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभा में शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मानद मंत्री ललित मांडीवाला, सहमंत्री सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल बंसल, केंद्रीय समिति सदस्य राजेश जैलिया, अग्रवाल समाज बैंक्विट हॉल के अध्यक्ष राकेश कुमार जालान, अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सयुक्त मंत्री कंचन अग्रवाल, आशीष दोचानिया, बजरंग भुकानिया, प्रदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संदेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



आज होटल चटनीस हिल्स में अशोक रूंगटा का गोपाल बलदवा और राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सुरेंद्र अग्रवाल, विठ्ठलदास अग्रवाल, गोपाल बलदवा, अशोक रूंगटा, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, माया बाई, राहुल सिंघल आदि मौजूद रहे।









हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों एडवोकेट विशाल केडिया, राजेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, किरण तायल को इंद्रधनुष सोशल ऑर्गनाइज़र के प्रेमा शर्मा, कुसुम तोलवाला, मधु वर्मा, नीता,रेणुका शर्मा, वंदना शर्मा द्वारा सम्मान कर छांछ वितरण में सहयोग दिया। आज आठवें रविवार को हाई कोर्ट पोस्ट ऑफिस के समक्ष दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राहगीरों में 8000 ग्लास ठंडी मसाला छांछ का वितरण सभी ने बड़े उत्साह के साथ किया। डॉ. मोहन गुप्ता, रामनिवास बंसल एवं उपस्थित सभी साथियों का किरन तायल ने आभार प्रकट किया।



हैदराबाद एवं विकाराबाद में महिमा मिनिस्टरी ओल्ड ऐज होम में कपड़े, फल, मिठाई एवं भोजन की सेवा देते हुए माथुर वैश्य समाज चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा माथुर वैश्य दक्षिणांचल की अध्यक्ष सपना गुप्ता।

## जन सेवा संघ संचालन समिति की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे के अनुसार जन सेवा संघ संचालन समिति की बैठक संयोजक मदन लाल रावल के नेतृत्व में खैरताबाद में आयोजित की गई। जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे ने सभी सदस्यों से संस्था की प्रगति के लिए अपने अपने सुझाव देने का अनुरोध किया ख उन्होंने कहा कि संस्था को मजबूत करने के लिए वह हर सप्ताह क्षेत्र का दौरा करेंगे। जन सेवा संघ के अध्यक्ष आर पी सिंह ने बताया कि हर जोनल प्रेसिडेंट के साथ बैठक की जाएगी और सदस्यता नवीनीकरण और नए सदस्यों को जोड़ने का आग्रह किया जाएगा। प्रवासी कमीशन और प्रवासियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है तथा भ्रष्टाचार मुक्त, जातिवाद मुक्त समाज एवं देश का निर्माण किया जाएगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य एसपी सिंह, दिनेश चंदन, राजेश यादव, सुशील श्रीवास्तव एम डी मुन्नाव्वर, हरी सिंह ने बताया कि हमें ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ना है और समाज एवं देश के लिए कोई कुछ करना चाहता है उसे जोड़ना है। वरिष्ठ सदस्य संजय कुमार भगत ने बताया कि हमें चर्लापल्ली क्षेत्र में सदस्यता अभियान का आयोजन करना चाहिए साथ ही बाचूपल्ली में जो मजदूर लोग मर गए थे उससे संबंधित राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, ओड़ीशा की सरकार को, प्रिंसिपल सेक्रेटरी को ज्ञापन देना चाहिए तथा सहयोग राशि जो भी लोग अपनी इच्छा से जितना भी देना चाहे वह दे सकते हैं। इस अवसर पर आर पी सिंह, राजीव चौबे, मदन लाल रावल, एस पी सिंह, संजय कुमार भगत, सुशील श्रीवास्तव, अमित ओझा, हरी सिंह, राजेश यादव, एम डी मुन्नाव्वर, दिनेश चंदन आदि उपस्थित हुए।

## आठ जून को आयोजित होगा फ्री अस्थमा आयुर्वेदिक शिविर

**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आयुर्वेदा सर्विसेज एवं विप्र फाउंडेशन जोन 16 तेलंगाना कि सयुक्त बैठक का आयोजन रविवार को कुत्बीगुडा काचीगुडा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. एमपी शर्मा (आयुर्वेदा रत्न) ने कि एवं बैठक का संचालन महेश अवस्थी ने किया। यह जानकारी देते हुए विप्र फाउंडेशन जोन 16 के महामंत्री रामदेव नगला ने बताया कि बैठक में अस्थमा आयुर्वेदिक शिविर के आयोजन एवं व्यवस्था पर चर्चा कि गई। फ्री अस्थमा आयुर्वेदिक शिविर पिछले 39 वर्षों से आयोजित किया जा रहा। इसमें शुद्ध शाकाहारी दवा अस्थमा रोगियों को प्रतिवर्ष मृगशिरा नक्षत्र में दी




जाती है। इस वर्ष भी डॉ. एम. पी. शर्मा एवं डॉ राजेन्द्र दाधीच के कुशल नेतृत्व में तैयार की गई शुद्ध शाकाहारी आयुर्वेदिक अस्थमा की दवा रोगियों को 8 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से सांय 6 बजे तक गांधी ज्ञान मन्दिर सुल्तान बाज़ार, कोठी में दी जाएगी। बैठक में शिविर की प्रचार-सामग्री व बैनर एवं करपत्र, पोस्टर का विमोचन एवं लोकार्पण विप्र फाउंडेशन जोन 16 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिकिशन ओझा द्वारा किया गया।

बैठक में विप्र फाउंडेशन द्वारा इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में लक्ष्मीकांत व्यास को मनोनीत किया गया। बैठक में डॉ एम पी शर्मा, हरिकिशन ओझा, रामदेव नागला, हेमलता शर्मा, महेश अवस्थी, लक्ष्मीकांत व्यास, भगवती प्रसाद तिवारी, नारायण मुंडेल, आदित्य शर्मा, अजय लुनावत, रमेश अग्रवाल, दीपक दाधीच, पवन दाधीच, विपुल दाधीच, श्याम सुन्दर तिवारी एवं अन्य गणमान्यजनों ने भाग लिया।

## अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा ने किया छांछ वितरण

**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा द्वारा लालदारवार मोड़ पर छांछ वितरण किया गया। सर्व प्रथम महाराजा श्री अग्रसेन जी की पूजा की गई तत्पचात शाखा अध्यक्ष ने सहयोग देनेवाले सभी सदस्यो का आभार प्रकट किया। इसके बाद छांछ का वितरण किया गया।अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल, मंत्री शीतल बंसल, सयुक्त मंत्री पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीना




अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया, भूतपूर्व अध्यक्ष किरण गोएंका, रेनू अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, अंबिका अग्रवाल, इशांकी बंसल, दिशा अग्रवाल, कुमारी वनिता, महावीर प्रसाद डोकानिया, हरी किशन अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, फतहचंद मित्तल, मिट्ठूलाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, चंचल बंसल, पंकज गोयनका, पवन डोकानिया, उमेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, नमन कुमार अग्रवाल, मोहक बंसल, आदि उपस्थित रहे।



अग्रवाल समाज तेलंगाना राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत हुसैनी आलम रोड पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। शरबत वितरण में सुशीला केडिया, मोनिका अग्रवाल, कविता गोयल, कविता संघी, अंजू अग्रवाल, पूनम तुलस्यान, शिल्पा अग्रवाल, नीता अग्रवाल आदि महिलाओं का सहयोग रहा।

# अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित




**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की 31वीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली में आयोजित की गई। कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के लगभग 20 अभिभावक गण उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गए पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

कमेटी द्वारा 2023-25 के इस कार्यकाल में पिछले 8 महीनों में 88 रिश्ते नक्की हुए। समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें विशेषकर महिला शाखाओं से आग्रह है वे इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें आपके सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है। कमेटी की बैठक पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हर रविवार को होगी सभी। अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है।

आगामी बैठक रविवार 26 मई को होगी।

रविवार की बैठक के अतिरिक्त चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल के निवास बंजारा हिल्स में भी उनके फोन नंबर 9396222880 से संपर्क कर अन्य दिन भी अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। बैठक में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सहमंत्री कंचन अग्रवाल, मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, फिजियो थेरापिस्ट बालाकृष्ण सुरेखा एवं बालक-बालिकाओं के अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ निकाली गई मासिक श्याम निशान यात्रा



**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मासिक श्याम निशान समिति द्वारा 59वीं निशान यात्रा का आयोजन हनुमान मंदिर मलकपेट से श्री श्याम मंदिर काचीगुडा तक भजन कीर्तन करते हुए किया गया।

निशान यात्रा में दिनेश गुप्ता, पियूष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विशाल राजपूत, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, सीए प्रणय अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रचित अग्रवाल, रोहन अग्रवाल, तनिष अग्रवाल, देवांशु अग्रवाल, उदित वर्मा, विनीत वर्मा, मिलन वर्मा, विशाल जाधव, मनीष गर्ग, लक्ष अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल व निशा अग्रवाल ने भाग लिया।

# तीसरी मणिकोंडा स्पोर्ट्स क्लब तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न






**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मणिकोंडा स्पोर्ट्स क्लब में तैराकी प्रतियोगिता सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान गरिमा मिश्रा ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में अंडर-6 से अंडर-16 तक के आयु वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गुंजनख प्रतीक पवार, लक्ष बियानी, महक भाटी, संघी बियानी ने अलग-अलग श्रेणियों में पदक प्राप्त किए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी गोपाल बलदवा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्पोर्टस् क्लब के निदेशक भास्कर रेड्डी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पेंटा, रेड्डी, पैन इंडिया मास्टर्स गेम्स के आयोजन सचिव, पैन इंडिया मास्टर्स गेम्स के सह-सचिव डॉ. संदीप मिश्रा एवं प्रतिभागियों के अभिभावक व दर्शक मौजूद थे।

# दादावाड़ी मंदिर परिसर में मनाया गया चतुर्वेदी संघ का स्थापना दिवस



**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जीन दत्त सूरी दादावाड़ी मंदिर परिसर में भगवान महावीर द्वारा स्थापित चतुर्वेदी संघ का स्थापना दिवस परम पूज्य आचार्य राज तिलक सूरीश्वर महाराज साहब के शिष्य रत्न मोक्ष तिलक विजय जी महाराज साहब की निश्रा में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शासन ध्वजा परिक्रमा कराई पुष्पा देवी समदरीया, ज्योति बाटिया पूजन के साथ हुआ। इस पावन प्रसंग पर मुनिश्री ने जिन शासन स्थापना के विषय पर प्रकाश डाला। श्री कुलंपाक जैन तीर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र बाटिया, श्री राजस्थानी जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष योगेश गान्धी, श्रीकांत छलाणी को सम्मानित किया। शासन ध्वज जैन रत्न मानिकचंद समदरीया ने फहराया।

मुकेश कटारिया के जिन शासन के गान के साथ इस अवसर पर भारत विकास परिषद आदिश्वर शाखा द्वारा विकलांग शिविर मे कृत्रिम अंग वितरित किए। शिविर के लाभार्थी संघवी कमलाबाई छगनलाल कोठारी परिवार के रसण,

रविन्द्र एव स्वामीवातसल्य लाभार्थी ताराबाइ मोहनलाल धारीवाल परीवार के आनंद धारीवाल को सम्मानित किया।

रतनलाल कामदार, सुभाष गोलेच्छा, अशोक लुणावत, मदनचंद लुणावत, सज्जनराज भण्डारी, जीतमल बेताला, गौतम चंद मुथा, सुर्य प्रकाश नाभरीया, भोपाल बेताला, रामपूरीया, राजेंद्र कावडीया, सुरेन्द्र छाजेड, सुनील पारीख, कमल मखाणा, सुनील मेहता, ललित बेद, संजय कामदार, सुरेश गादिया,

परिषद के उपाध्यक्ष देवेंद्र कटारिया, मानद मंत्री सी दिलीप मखाणा, कोषाध्यक्ष संतोष बेद, भरत मेहता, किशोर पोकरणा, वीरेंद्र सुराणा, रमेश लुणावत, राकेश लुणावत, राकेश झाबक ने शिविर में सहयोग दिया।

# अभिनव सामायिक एवं सघन निवृत्ति साधना शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमणजी के संयम पर्याय के 50 वर्ष की परिसंपन्नता के उपलक्ष्य में राजाराजेश्वरी नगर, तेरापंथ भवन में अभिनव सामायिक एवं सघन निवृत्ति साधना शिविर का आयोजन साध्वी श्री सिद्धप्रभाजी एवं साध्वीश्री उदितयशा जी के सानिध्य में किया गया। जिसमें साधक-साधिकाओं की संख्या ने एक माला के मनकों (108) को भी पार कर दिया। प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक चले इस शिविर को 4 जोन में बांटा गया गया। प्रथम जीवन निर्माण जोन में साध्वी संगीतप्रभा जी ने आचार्य श्री महाश्रमण की साधना की पराकाष्ठा की चर्चा करते हुए उनके जीवन के उन प्रसंगो को सुनाते हुए सबको भाव विभोर कर दिया तथा छोटे-छोटे संकल्पों के साथ श्रावकों को जोड़ा। दूसरे मोटिवेशन जोन में साध्वी भव्ययशाजी ने रोचक प्रयोग करवाये। मैत्री की अनुप्रेक्षा का प्रयोग चारो दिशाओं में सभी प्राणियों के साथ क्षमा याचना करवाई। कायोत्सर्ग के द्वारा भेद विज्ञान का अभ्यास कराया गया। तीसरे समाधि जोन में साध्वी उदितयशा जी ने असमाधि के कारणो तथा परिवार में पैदा होने वाले प्रसंगों की चर्चा करते हुए समाधि के लिए आत्मावलोकन के प्रयोग करवाए। चौथे जिज्ञासा-समाधान जोन में साधक-साधिकाओं की साधना के मार्ग में आने वाली समस्याओं से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। प्रेरणापाथेय जोन में साध्वी सिद्धप्रभाजी ने सभी को साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए सतत अभ्यास की प्रेरणा दी। अध्यक्ष छतरसिंह सेठिया ने इसे एक अद्भुत साधना बताया। 4 घंटे चले इस शिविर में श्रावकसमाज का उत्साह उल्लेखनीय रहा।

# उज्जैन एवं इंदौर में होगी अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा की सावन की सैर

**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा की मासिक बैठक का आयोजन शाखा की केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया के निवास पर सम्पन हुई। सभा में सभी की सहमति से ये निर्णय लिया गया की शाखा द्वारा सावन की सैर का आयोजन आगामी 14 अगस्त से 18 अगस्त तक उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, इंदौर ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं कुबेरेश्वर धाम सीहोर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सीमित सीटे उपलब्ध हैं जो भी अग्रबंधु चलने इच्छुक हैं वे पहले आओ पहले पाओ पर 25 मई से पहले शाखा के पदाधिकारियों के पास पंजीकरण करवा लें। इस कार्यक्रम के लिए पवन डोकानिया को संयोजक नियुक्त किया गया है।

अधिक जानकारी एवं अपना नाम पंजीकरण करवाने के लिए आप किसी भी महिला शाखा पधाधिकारी एवं पवन डोकानिया से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल, मानद मंत्री शीतल बंसल, संयुक्त मंत्री पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीना अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया, पूर्व अध्यक्ष किरण गोएंका, रेनू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



राहुल फोफलिया को तेलंगाना आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष चुने जाने पर उनके निवास पर उनका सम्मान कर बधाई देते हुए माहेश्वरी सेवा संघ, सिकंदराबाद के अध्यक्ष गोपाल लाल बंग, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, प्रचार मंत्री राकेश बंग एवं संगठन मंत्री महेश बंग।

# प्रेरणा संस्था ने किया मट्ठा का वितरण




**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पूजा गुप्ता संस्थापिका एवं संचालिका प्रेरणा संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रविवार को मोहिनी एकादशी के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा मट्ठा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकाल में संस्था की ओर से जनसाधारण के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत अशोक नगर स्थित शीतल ग्रैंड बाजार के समीप दोपहर 12.01 बजे से मट्ठा वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम काफी सफल रहा , लगभग 800 लोगों ने मट्ठा ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूजा गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, संजीव कुमार अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, लता गोयल ने भाग लिया। संस्था द्वारा आगामी 26 मई को पुनः मट्ठा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक संस्था के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद बंसल की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज संघी, शिवराज अग्रवाल, कृष्ण कुमार मित्तल, देवकीनन्दन, दीपक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेश संघी, संजय गोयल, अजय गोयल, संतोष देवी बंसल एवं अन्य लोग उपस्थित थे रहे।

# रेल पटरियों पर अज्ञात शव बरामद



**सिरपुर कागजनगर, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कागजनगर में शनिवार को लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव मंचिरयाला से बल्लारशाह जा रही रेल पटरियों पर बरामद हुआ। मृतक के पास से उसकी पहचान का कोई सबूत नही मिला है। मृतक के बाएं हाथ पर कुमटा और दाहिने कंधे पर त्रिशूल का निशान गोदा हुआ है। उसने शर्ट नहीं पहनी थी, उसने ग्रे कलर का पैंट पहना हुआ था। शव को शासकीय अस्पताल सिरपुर के शवगृह में पहचान के लिए रखा गया है।

# भाजपा प्रत्याशी ने तेलंगाना में एमएलसी उपचुनाव को बताया ऐतिहासिक




**हनुमाकोंडा, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वारंगल-खम्मम-नलगोंडा स्नातक विधान परिषद (एमएलसी) उम्मीदवार गुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी ने वर्तमान एमएलसी उपचुनाव को ऐतिहासिक बताया है। श्री रेड्डी ने कहा कि 35 विधानसभा सीटों पर कोई प्रतिनिधि नहीं होने के बावजूद भाजपा ने केंद्र सरकार की पहल के माध्यम से महत्वपूर्ण विकास और कल्याण कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाया है। उन्होंने रविवार को मीट द प्रेस कार्यक्रम में बोलते हुए, काजीपेट रेलवे वैगन उद्योग, टेक्सटाइल पार्क और सम्मक्का सरक्का जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना सहित कई प्रमुख परियोजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने काकतीय राजवंश के सांस्कृतिक पुनरुद्धार, विशेष रूप से रामप्पा मंदिर के लिए यूनेस्को मान्यता प्राप्त करने की दिशा में नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने रायगिरि-वारंगल राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण, किसान सम्मान निधि के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी और प्रधानमंत्री किसान निधि के माध्यम से किसानों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का भी उल्लेख किया।

श्री रेड्डी ने विश्वास जताया कि श्री मोदी जीत की हैट्रिक बनाते हुए प्रधानमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपनी राजनीतिक जागरूकता और आंदोलनों के लिए जाना जाने वाला वारंगल श्री मोदी का पुरजोर समर्थन करता है। सरकारी आदेश (जीओ) 317 और 46 के कारण बेरोजगारों और शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने खोखले वादे करने और गलत सूचना फैलाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। श्री रेड्डी ने मतदाताओं से चुनाव में उन्हें प्राथमिकता देने और भाजपा के लिए जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति मालीवाल आज भयभीत होकर जी रही हैं : माधवी लता

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 19 मई (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इन दिनों चुनाव प्रचार का दौर जारी है। आए दिन तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपने पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने रविवार को मनोज तिवारी के पक्ष में प्रचार किया।



माधवी लता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद मनोज तिवारी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में सीएम केजरीवाल को निशाने पर लिया।

उन्होंने सवाल किया कि ये सारा मसला कहां से उठा है? सीएम केजरीवाल को वो जगह चाहिए जिस जगह पर स्वाति मालीवाल हैं। इस जगह को वह किसी और को देना चाहते हैं। स्वाति जी सीएम आवास पर अरविंद केजरीवाल से इसी बात पर चर्चा करने के लिए गई थीं कि काफी मेहनत करने के बाद उन्हें ये सीट मिली है।

इस पूरे मामले में सीएम केजरीवाल की चुप्पी पर उन्होंने कहा कि उन्हें पहले उस पर बात करनी चाहिए, जो घटना स्वाति मालीवाल के साथ हुई है।

उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल ने जो किया है, वह बहुत गलत है, नाइंसाफी की है, सारी हदें पार कर दी गई। एक महिला सांसद की अगर ये हालत है तो उन लोगों की हालत क्या होगी, जो दूसरे राज्य से यहां पढ़ने और कमाने के लिए आते हैं।

उन्होंने कहा कि हम समझते थे कि तेलंगाना, हैदराबाद में गुंडा राज चलता है, लेकिन, दिल्ली में भी एक स्त्री सुरक्षित नहीं है। ये लोग तो हद पार कर रखे हैं। निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति मालीवाल आज खुद भयभीत होकर जी रही हैं। जिस धरती पर स्त्री को पूजा जाता है, वहां एक महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। स्वाति मालीवाल के मामले में वीडियो फुटेज को एडिट कर पेश किया गया। इस मामले पर प्रियंका गांधी अभी तक चुप हैं।

## धान खरीदी मामले में किसानों से हो रहा धोखा : हरीश बाबू



**कागजनगर, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला परिषद की पूर्ण बैठक जिला मुख्यालय में कलक्ट्रेट भवन में आयोजित की गई। इस मौके पर सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने कहा कि धान खरीदी के मामले में डीएसओ और डीसीओ गार्ड षडयंत्रपूर्वक काम कर रहे हैं। उन्होंने आलोचना की कि अभी तक निर्धारित लक्ष्य के पांच फीसदी भी धान खरीदी नहीं हो सकी है और लक्ष्य तक पहुंचे बिना समय बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि तत्काल धान खरीद में तेजी लाई जाए और किसानों को राहत दी जाए। हरीश बाबू ने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो किसानों के साथ मिलकर कलक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

## बिजली का करंट लगने से महिला की मौत



**निज़ामाबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के पितलम मंडल के गौराराम थांडा में शनिवार को घर के बाहर तार पर धुले हुए कपड़े डालने की कोशिश करते समय गलती से बिजली के तार के संपर्क में आने से 38 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मंजुला के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार मंजुला जब लोहे के तार पर कपड़े सुखाने की कोशिश कर रही थी तो वह बिजली के तार के संपर्क में आ गई। उसके बेटे ने उसे करंट की चपेट में आते देखा तो उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसे भी झटका लगा। उसे निकट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया देवी वासवी कन्याका परमेश्वरी का जन्मदिन

### धार्मिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन
### सोने की साड़ी से हुई मां की सजावट





**सिरपुर कागजनगर, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला कागजनगर के श्री वासवी कन्यका परमेश्वरी पंचायत क्षेत्र में शनिवार को देवी वासवी कन्यका परमेश्वरी के जन्मदिन के अवसर पर कागजनगर के आर्य वैश्य संगम के तत्वावधान में पंडित बचमपल्ली कमलाकर शर्मा ने धूमधाम से जन्मोत्सव का आयोजन किया। सबसे पहले, सुबह 5:30 बजे से श्री वासवी कन्याका परमेश्वरी मूलविरत अम्मा के लिए पंचामृत, पंच पलारसा, सुगंध द्रव्य अभिषेकम, स्वर्ण सातिकालकरण, अष्टोत्तर कुंकु पूजन और चंडी होम किया गया। बाद में मूलविरत ने श्री कन्यका परमेश्वरी अम्मा को लगभग 2 किलो वजन की एक सोने की साड़ी भेंट की और सजाई।

इस जन्मदिन समारोह में आदिलाबाद जिले के आर्य वैश्य दानदाताओं के सहयोग से गोल्डन साड़ी बनाई गई। शाम को शान्त्यनम, मंगलारती एवं मन्त्रपुष्पम कार्यक्रम हुए। इसके बाद श्रद्धालुओं को तीर्थ प्रसाद वितरित किया गया और महादशीर्वचन दिया गया। शहरी आर्य वैश्य संगम के अध्यक्ष गर्रेपल्ली गोपाल की देखरेख में चिलुवेरु गंगाधर द्वारा जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। चिलुवेरु कमलाकर ने स्वर्ण साड़ी में योगदान देने वाले दानदाताओं और पूजा गतिविधियों में भाग लेने वाले जोड़े को शेष वस्त्र प्रदान किए। शहरी आर्य वैश्य संगम के मानद अध्यक्ष मायलारापु मुरलीधर, पूर्व बाजार समिति के अध्यक्ष गणपुरम श्रीनिवास, कासम श्रीनिवास, शहरी आर्य वैश्य संगम के महासचिव टुडुरु कृष्णमूर्ति, कोषाध्यक्ष कोलीपाका वेंकटेश्वर, उपाध्यक्ष गजला सुरेश, कार्य समूह, आर्य वैश्य युवा संगम कार्य समूह, महिला संगम वर्किंग ग्रुप, भजन मंडली के सदस्य, गणपुरम श्रीनिवास, पलेपु मुरलीधर शहरी आर्य वैश्य, दानदाताओं और बंगारुचिरा में योगदान देने वाले आर्य वैश्यों ने भाग लिया।

## आंध्र प्रदेश में साइबर क्राइम रैकेट का भंडाफोड़ किया, तीन एजेंट गिरफ्तार

**विशाखापट्ट्नम, 19 मई (एजेंसियां)।** विशाखापट्ट्नम पुलिस ने एक साइबर अपराध रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा करते हुए बेरोजगार युवाओं को लुभाने और उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी संचालित साइबर अपराध गिरोहों में भेजने के आरोप में तीन सलाहकार एजेंटों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनके प्रयासों से गाजुवाका क्षेत्र से कंसल्टेंसी एजेंटों की गिरफ्तारी हुई, जिसमें मुख्य संदिग्ध चुक्का राजेश (33) भी शामिल है। यह अवैध रैकेट तब सामने आया जब एक पूर्व नौसेना कर्मचारी बोत्चा शंकर ने 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। शंकर की शिकायत एक पीड़ित के विवरण पर आधारित थी जो भागने में सफल रहा था। शिकायत के बाद, विशाखापट्ट्नम पुलिस ने सरगना चुक्का राजेश और उसके सहयोगियों, सब्बावरपु कोंडाला राव और मन्नेना ज्ञानेश्वर राव, दोनों को गजुवाका क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में एजेंटों के एक जटिल नेटवर्क का पता चला, जिसमें संतोष, आर्य, उमामहेश और हबीब शामिल थे, जिन्होंने तस्करी में मदद की।

विशाखापट्ट्नम के पुलिस आयुक्त रविशंकर अय्यनार ने मीडिया को बताया कि उन्हें संदेह है कि कोलकाता के अलावा आंध्र प्रदेश, विशेष रूप से श्रीकाकुलम, विशाखापट्ट्नम, अनाकापल्ली, पलासा, राजमुंदरी, तुनी, अमलापुरम और अनंतपुर से 5,000 से अधिक पीड़ित



हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे कंबोडिया में भारतीय दूतावास के साथ जांच विवरण साझा कर रहे हैं और पीड़ितों के माता-पिता से उनसे और कंबोडिया में भारतीय दूतावास से संपर्क करने की अपील की है। तीन स्थानीय एजेंटों के खिलाफ मानव तस्करी, जबरन वसूली, गलत तरीके से कारावास और आपराधिक साजिश के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

सीपी रविशंकर ने आगे कहा कि कंबोडिया में भारतीय एजेंट डेटा एंट्री जॉब के नाम पर साइबर अपराध के लिए लोगों की व्यवस्था करने के लिए स्थानीय एजेंटों को बुलाते थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय एजेंटों ने प्रत्येक नौकरी के इच्छुक व्यक्ति से 1.50 लाख रुपये एकत्र किए, जिसमें से उन्होंने पासपोर्ट, वीजा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कंबोडियाई एजेंटों को 80,000 रुपये भेजे और बाकी को अपने कमीशन के रूप में रख लिया। कंबोडिया पहुंचने पर, इन युवाओं को गुलामों के रूप में बंद कर दिया गया और साइबर अपराध नेटवर्क में काम करने के लिए मजबूर किया गया। जब तक वे अनुपालन नहीं करते, उन्हें भोजन और भुगतान से वंचित कर दिया गया। एजेंटों ने उन्हें विभिन्न ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के लिए तैनात करने से पहले प्रशिक्षण दिया, जिसके माध्यम से उन्होंने निर्दोष लोगों से उनकी मेहनत की कमाई लूट ली।सीपी रविशंकर ने कहा कि जांच के दौरान, पुलिस ने पीड़ितों के साथ एक वीडियो कॉल के माध्यम से तथ्यों की पुष्टि की, और कहा कि पीड़ितों ने अपनी कठिनाइयों को साझा किया था। एक बार जब वे सहमत हो गए, तो पुरुषों और महिलाओं को कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे देशों में भेजा गया, जहां वे चीनी कंपनियों के लिए काम करने लगे। इन कंपनियों ने उन्हें 7-10 दिनों के लिए प्रशिक्षित किया और उन्हें 600 डॉलर प्रति माह के औसत वेतन पर साइबर अपराध में शामिल होने के लिए मजबूर किया। किसी भी प्रतिरोध के लिए कड़ी सज़ा दी जाती थी, जिसमें यातना और भोजन और पानी से वंचित करना भी शामिल था। अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो वर्षों में आंध्र प्रदेश के लगभग 5,000 लोग इस घोटाले का शिकार हुए हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित पर्यटक वीजा पर कंबोडिया गए थे, जिन्हें चीनी कंपनियों में शामिल होने के बाद बिजनेस वीजा में बदल दिया गया था।

## दलितों की जमीन पर कब्जा करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई : रेगुंटा केशव



**आसिफाबाद, 19 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एमआरपीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेगुंटा केशव राव ने मांग की है कि एससी एसटी अत्याचार का मामला दर्ज करने के साथ-साथ निर्दोष दलितों की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। रविवार को डिस्ट्रिक्ट सेंटर स्थित प्रेस क्लब में पीड़ितों के साथ आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नन्नय्या, चिन्नक्का, प्रेम कुमार, नागेश्वर राव, जयपाल और पुरूषोत्तम ने शंकरैया सूर्यदास, कोंडैया की करीब 40 एकड़ जमीन का अवैध तरीके से बैनामा करा लिया है। पीड़ितों ने शिकायत करते हुए कहा कि वे तसीलदार कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं और संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कब्जाधारी दलितों पर अत्याचार कर रहे और उन्हें आतंकित कर रहे हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जमीन मालिकों की जानकारी के बिना कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने उच्च स्तरीय अधिकारियों से मांग की कि पीड़ितों को न्याय देने के लिए गहन जांच की जाए और उनकी भूमि को योग्य लोगों को दिखाया जाए। इस बैठक में एमएमआरपीएस के वरिष्ठ नेता शंकर, पीड़ित शंकरैया, सूर्यदास, विजय, सोमैया, ऋषि, कोंडैया और परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.